**कक्षा - नौवीं (व्याकरण पर आधारित प्रश्न) कुल अंक -**

1. निर्देशानुसार 'उपसर्ग-प्रत्यय' पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1*5=5)

(i) वह शब्द चुनिए, जो भिन्न उपसर्ग से बना है और अपने समूह के शब्दों से अलग है-

(क) निर्मल (ख) निवास (ग) निर्भय (घ)निर्दोष

(ii) निम्नलिखित शब्दों में से वह शब्द चुनिए, जिसमें दिए गए उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है-

प्रति-

(क) प्रत्यक्ष। (ख) प्राध्यापक (ग) प्रत्येक (घ) प्रतिक्षण

(iii) निम्नलिखित शब्द में उपसर्ग तथा प्रत्यय दोनों का प्रयोग हुआ है। सही विकल्प चुनिए-

बेकारी-

(क) बे + का + री। (ख) बे +क+आरी (ग) बे + का + रई (घ) बे + कार + ई

(iv)' नौकरानी' शब्द में कौन-सा प्रत्यय प्रयुक्त हुआ है?

(क) आइन (ख) इनी (ग) अनी (घ) आनी

(v) कॉलम 1 (शब्द) को कॉलम 11 ( उपसर्ग) के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए-

| कॉलम-।। | कॉलम - ॥ |
|---|---|
| 1. परिकल्पना। | (i) अ |
| 2. अभाव। | (ii) उन |
| 3. उन्नीस। | (iii) परि |

विकल्प

(क) 1-(i), 2-(ii), 3-(iii)

(ख) 1- (iii), 2- (i), 3-(ii)

(ग) 1- (ii), 2-(i), 3. (iii)

(घ) 1- (iii), 2-(ii), 3- (i)

2. निर्देशानुसार समास पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1*5=5)

(1) कॉलम- 1 (समस्त पद) को कॉलम-11 (समास के भेद) के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए-

| कॉलम-1 | कॉलम-11 |
| --- | --- |
| 1. आजन्म | (i) कर्मधारय |
| 2. दुरात्मा | (ii) तत्पुरुष समास |
| 3. राजकुमार | (iii) अव्ययीभाव समास |

विकल्प

(क) 1-(ii), 2-(i), 3-(iii)   (ख) 1-(i), 2-(iii), 3-(ii)

(ग) 1-(iii), 2-(i), 3-(ii)   (घ) 1-(i), 2- (ii), 3-(iii)

(ii) 'नवरत्न' समस्तपद का सही विग्रह होगा-

(क) नया-नया रत्न   (ख) नव है जो रत्न   (ग) नव रत्नों का समूह   (घ) नए रत्नों का समूह

(iii) ‘प्रतिवर्ष’ शब्द का सही समास भेद चुनिए-

(क) अव्ययीभाव   (ख) तत्पुरुष   (ग) द्विगु   (घ) कर्मधारय

(iv) 'द्विगु’ समास' का सही उदाहरण चुनिए-

(क) अंतहीन   (ख) होश-हवास   (ग) दोपहर   (घ) समुद्रतल

(v) षट् (छह) हैं आनन (मुख) जिसके (कार्तिकेय) समास का नाम लिखिए-

(क) द्वंद्व   (ख) तत्पुरुष   (ग) द्विगु   (घ) बहुव्रीहि

3. निर्देशानुसार 'अर्थ के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1*5=5)

(i) 'शायद में कल मथुरा जाऊँ|' किस वाक्य भेद का उदाहरण है?

(क) प्रश्नवाचक   (ख) इच्छावाचक   (ग) संदेहवाचक   (घ) आज्ञावाचक

(ii) 'भगवान करे, सब सकुशल लौटें। किस वाक्य भेद का उदाहरण है?

(क) आज्ञावाचक (ख) विधानवाचक (ग) संकेतवाचक (घ) इच्छावाचक

(iii) 'यदि छुट्टियाँ हुई, तो हम कश्मीर अवश्य जाएँगे।-किस वाक्य भेद का उदाहरण है?

(क) संदेहवाचक (ख) संकेतवाचक (ग) आज्ञावाचक (घ) विस्मयादिवाचक

(iv) 'तुम पढ़ने कब जाओगे?" किस वाक्य भेद का उदाहरण है?

(क) इच्छावाचक (ख) निषेधवाचक (ग) प्रश्नवाचक (घ) विधानवाचक

(v) विस्मयादिवाचक वाक्य का उदाहरण चुनिए-

(क) अहा ! कितना सुंदर फूल है। (ख) अब बैठकर अपना काम करो।

(ग) मोहन कल बाज़ार गया था। (घ) छात्रों ने अपना कार्य नहीं किया।

4. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1*5=5)

(i) 'हाय फूल-सी कोमल बच्ची, हुई राख की थी ढेरी' काव्य पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार कौन-सा है?

(क) अनुप्रास (ख) रूपक (ग) यमक (घ) उपमा

(ii) 'प्रश्न चिह्नों में उठी हैं भाग्य -सागर की हिलोरें’ किस अलंकार-भेद का उदाहरण है?

(क) अनुप्रास (ख) रूपक (ग) उपमा (घ) यमक

(iii) मधुर-मधुर, मुस्कान मनोहर, मनुज देश का उजियाला । काव्य-पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

(क) यमक (ख) रूपक (ग) अनुप्रास (घ) उपमा

(iv) तीन बेर खाती थी, ये तीन बेर खाती है। काव्य- पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार कौन-सा है?

(क) अनुप्रास (ख) यमक (ग) उपमा (घ) रूपक

(v) तरनि तनूजा तट-तमाल तरुवर बहु छाए। काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार कौन-सा है?

(क) उपमा (ख) रूपक (ग) यमक (घ) अनुप्रास